संपादक :- रंजीत सिंह
RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक
# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 16 | मेरठ, मंगलवार, 11 अगस्त 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया

## सीएम के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा का पुष्पवर्षा से किया स्वागत

» एजेंसी। गोरखपुर

अनगिनत गुब्बारों, झंडों के बीच तिरंगे में रंगा-सजा ढाई किलोमीटर का रास्ता। असंख्य हाथों में लहराता राष्ट्रध्वज तिरंगा, वंदे मातरम और भारत माता की जय के बारंबार तरंगित होते उच्च स्वर। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच पुष्पवर्षा की निर्बाधित श्रृंखला। राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में सोमवार को निकाली गई तिरंगा यात्रा के जरिये गोरखपुर महानगर भव्य और नयनाभिराम दृश्य का साक्षी बना। नगर निगम परिसर से रेलवे स्टेशन चौक तक निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में देशभक्ति की बयार बही तो राष्ट्र प्रथम का उद्घोष गुंजायमान होता रहा। हाथ में तिरंगा लेकर करीब ढाई किलोमीटर तक पदयात्रा करने वाले मुख्यमंत्री योगी पर पुष्पवर्षा करने के लिए गुरु गोरखनाथ की नगरी का हर नागरिक उत्साहित दिखाई दिया।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करने के समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम परिसर के पार्क में स्थापित वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर प्रथम स्वातंत्र्य समर में उनके योगदान को याद किया। तत्पश्चात मंच पर पहुंचकर उन्होंने भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपना संबोधन दिया। इसके बाद वह टाउन हाल पहुंचे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा की अगुवाई करते आगे बढ़े। तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री के साथ सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव और अन्य जनप्रतिनिधि साथ-साथ कदम बढ़ा रहे थे। और, इनके समानांतर चल रहे थे उत्साह से सराबोर स्कूली बच्चे। सबके हाथ में लहरा रहा था राष्ट्रध्वज और राष्ट्रभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था।



मुख्यमंत्री योगी की अगुवाई वाली तिरंगा यात्रा में जैसे जैसे यात्रा आगे बढ़ती रही, पूरा मार्ग राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से प्रतिबिंबित होता रहा। तिरंगा यात्रा में वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे देशभक्ति के ज्वार का माहौल बना रहे थे। नगर निगम से लेकर रेलवे स्टेशन चौक स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा तक सड़क के किनारे पहले से मौजूद हर उम्र वर्ग के लोगों, विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक संगठनों के लोगों ने जयघोष के बीच पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। मुख्यमंत्री रेलवे स्टेशन के सामने स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर यात्रा को विराम दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुछ बच्चों को चॉकलेट भी दी।

तिरंगा यात्रा के मार्ग पर 16 स्थानों पर विभिन्न संगठनों की तरफ से ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। होटल शिवाय के सामने दवा विक्रेता समिति, पतंजलि स्टोर के सामने मारवाड़ी युवा मंच, कचहरी चौक पर अधिवक्ता परिषद, कृपाल वस्त्रालय के सामने सिंधी समाज, जलकल के सामने गोलघर व्यापार मंडल, गांधी आश्रम के सामने मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक सेवा समिति, बलदेव प्लाजा के सामने बलदेव प्लाजा व्यापार एसोसिएशन, गणेश चौक पर सिख समाज, नेशनल मेडिकल स्टोर के समीप अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, काली मंदिर के पास पार्षद मनु जायसवाल, साइबर थाना के सामने पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल, पुलिस लाइन तिराहा पर सराफा मंडल, सीओ कार्यालय के सामने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, यातायात तिराहा पर राप्ती कॉम्प्लेक्स व्यापार एसोसिएशन, मालकिन होटल के पास चिकित्सा प्रकोष्ठ और वरदान होटल के सामने शिक्षक प्रकोष्ठ की तरफ से यात्रा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

तिरंगा यात्रा को यादगार बनाने के लिए संस्कृतिकर्मियों और लोक कलाकारों ने भी कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। यात्रा का 8 स्थानों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अभिनंदन किया गया। होटल शिवाय के पास बंटी बाबा ग्रुप, कचहरी चौक पर सोनिका सिंह ग्रुप, जलकल पर सुगम सिंह ग्रुप, गोलघर सेंट्रल के सामने रुचि कोरी ग्रुप, काली मंदिर के पास हीना कोमल शर्मा ग्रुप, पुलिस लाइन तिराहा पर प्रेम पराया ग्रुप, यातायात तिराहा पर गजेंद्र ग्रुप और वरदान होटल के पास विंध्याचल आजाद ग्रुप ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### पेपर लीक पर जवाबदेही तय करे एनटीए : एसएफआई

» एजेंसी। नई दिल्ली

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) से पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जवाबदेही तय करने की मांग की। सोमवार को संगठन की दिल्ली इकाई का प्रतिनिधिमंडल एनटीए कार्यालय पहुंचा। दिल्ली इकाई अध्यक्ष नादिया और सचिव सूरज एलामोन ने कहा कि एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में बार-बार गड़बड़ियां सामने आने पर संस्थागत जवाबदेही तय की जानी चाहिए। संगठन ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई की चार्जशीट में एनटीए के तीन विषय विशेषज्ञों के नाम सामने आने और गोपनीय परीक्षा सामग्री की सुरक्षा में कथित प्रक्रियागत खामियों का भी उल्लेख किया।

## सीएम रेखा ने दो सौ छात्राओं को वितरित की साइकिलें

» एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'विद्या वाहिनी योजना' के तहत सोमवार को विधानसभा परिसर में कक्षा 9 में अध्ययनरत छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। इस अवसर पर उत्तरी जिले के जोन 7 की 200 छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। यह पहल छात्राओं के लिए विद्यालय तक आवागमन को आसान बनाने के साथ-साथ उनकी शिक्षा की निरंतरता, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं ने कहा कि साइकिल मिलने से उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, समय की बचत होगी और वे अधिक आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें साइकिल मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि बेटियों की शिक्षा और उनके सपनों को आगे बढ़ाने का माध्यम है। सरकार का प्रयास है कि किसी भी बेटी को स्कूल तक पहुंचने में आने वाली दूरी या परिवहन की समस्या उसकी पढ़ाई के रास्ते में बाधा न बने। उन्होंने कहा कि 'विद्या वाहिनी योजना' के माध्यम से दिल्ली सरकार बेटियों की शिक्षा को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कक्षा 9 में पढ़ने वाली लगभग 1.40 लाख छात्राओं को योजना के तहत साइकिलें वितरित की जा रही हैं। बेटियों की शिक्षा में किया गया निवेश समाज के उज्ज्वल भविष्य में किया गया निवेश है।



सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है कि दिल्ली की बेटियों को शिक्षा, आधुनिक सुविधाओं और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। मुख्यमंत्री ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इस सुविधा का उपयोग अपनी शिक्षा को और मजबूत करने में करें, अपने लक्ष्य तय करें और पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। दिल्ली सरकार का लक्ष्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ समग्र और सक्षम वातावरण उपलब्ध कराना है ताकि हर विद्यार्थी बिना किसी बाधा के अपने सपनों की ओर आगे बढ़ सके। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दूरदर्शी नेतृत्व में दिल्ली स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन की ओर आगे बढ़ रही है। आज प्रतिभाशाली छात्राओं को साइकिलों का वितरण केवल आवागमन का साधन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन्हें आत्मनिर्भर बनने, बाधाओं को पार करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए पंख देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री के निरंतर सहयोग और नारी शक्ति के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

## देश में 'हर हाथ को काम' देने के लिए कार्य करें सरकारें : मायावती

» एजेंसी। लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने देश में बढ़ रही बेरोजगारी और महंगाई पर अपनी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने केंद्र और राज्य की सरकारों से अपील की है कि उन्हें हर हाल में मुनाफाखोरी, लाभ कमाने वाली व्यापारिक सोच, प्रवृत्ति को त्याग कर संविधान की सही मानवतावादी व कल्याणकारी नीति एवं सिद्धान्त को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अमल करके आगे बढ़ाना होगा, जो 'हर हाथ को काम' देने वाली व्यापक देश व जनहित में लाख दुखों की एक दवा है, यही सभी सरकारों से अपील है। बसपा प्रमुख ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि बसपा ने उत्तर प्रदेश में अपनी सरकार के दौरान पुलिस व पंचायती राज विभाग में लगभग सवा दो लाख नये सरकारी पद सृजित किए। इसके अलावा नौकरियों की भर्ती पर लगी रोक को भी हटाकर सर्वसमाज के कई लाख लोगों की सरकारी नौकरियों में बहाली की। उसके बाद सरकार में न रहने पर काफी लम्बे समय से देश में व ख़ासकर यूपी, उत्तराखण्ड व पंजाब अदि राज्यों में व्याप्त ज़बरदस्त महंगाई, अति-ग़रीबी, बेरोज़गारी, अशिक्षा, बदतर स्वास्थ्य व्यवस्था, पिछड़ापन एवं उनके मजबूरी के पलायन, महिला असुरक्षा, पेपरलीक व भ्रष्टाचार आदि ज्वलन्त मुद्दों एवं गंभीर समस्याओं के निदान के लिए प्रभावी कदम उठाने की माँग केन्द्र व राज्य सरकारों से बार-बार करती रही है।



लेकिन सभी सरकारें, पूर्व की कांग्रेसी सरकारों की तरह ही, ज़्यादातर मामलों में उदासीन व लापरवाह ही बनी हुई हैं। देश के बिगड़ते हुये राजनीतिक, आर्थिक, संसदीय व सामाजिक हालात के मद्देनज़र अति-दुखद एवं अत्यन्त चिन्तनीय। अब जबकि कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नाम से विशेषकर बेरोज़गारी व अंधकार भविष्य आदि से पीड़ित व आहत शिक्षित युवाओं ने ख़ासकर दिल्ली में जंतर मंतर पर 36 दिन तक आन्दोलन के ज़रिये इन ज्वलन्त मुद्दों को राष्ट्रीय महत्व का विशेष व गंभीर चर्चा का मुद्दा बनाया।

## सरकार सदन में छात्र आंदोलनों पर चर्चा के लिए तैयार, विपक्षी दल करें सहयोग : रिजिजू

» एजेंसी। नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार छात्र आंदोलनों और उनसे जुड़ी गतिविधियों पर सदन में विस्तार से चर्चा के लिए तैयार है। हालांकि, उन्होंने विपक्ष से अपील की कि चर्चा और सरकार के जवाब के दौरान सदन में किसी तरह की बाधा न डाली जाए और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बयान सुना जाए।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पत्रकारों से कहा कि सरकार का प्रस्ताव स्पष्ट है। उनके मुताबिक, छात्र आंदोलनों से जुड़े हर पहलू पर चर्चा की जा सकती है और सरकार सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष से कहा कि एक बार चर्चा शुरू होने के बाद मुद्दे के सभी पहलुओं पर विस्तार से बात होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि चर्चा के दौरान सदन का ध्यान भटकाने या गृह मंत्री के बयान को रोकने की कोशिश न की जाए। किरेन रिजिजू ने कहा, "विपक्ष हर मुद्दे पर बोल रहा है। राम मंदिर के मुद्दे पर मैं बस इतना ही कहना चाहता हूं कि एसआईटी के गठन के साथ ही यूपी सरकार की कार्रवाई और कई अन्य कदम उठाए गए हैं। इसलिए, मैं अभी उस मामले पर और कुछ नहीं कहना चाहता।

# सम्पादकीय

## एनटीए के लिए सुरक्षा व पारदर्शिता जरूरी

ऐसे वक्त में जब नीट परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने से उपजे छात्र आक्रोश से देश हाल ही में दो-चार हुआ है, देश के परीक्षा सिस्टम पर प्रतिभागियों का भरोसा कायम करना अपरिहार्य शर्त है। हाल के वर्षों में केंद्रीय स्तर और राज्यों में विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने, परीक्षाएं स्थगित होने और परीक्षा परिणामों को लेकर किंतु-परंतु होने की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर छात्रों का आंदोलन बदस्तूर जारी है। ऐसे में विश्वसनीयता के सवालों से जूझ रही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए का इंटेलिजेंस, कानून लागू करने वाली एजेंसियों तथा डिफेंस फोर्सेज के अनुभवी लोगों को अपने परीक्षा सुरक्षा कमांड सेंटर में शामिल करने का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। ये प्रयास दूसरी ओर हमें यह भी बताते हैं कि देश में महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाएं कितनी संवेदनशील व असुरक्षित हो गई हैं। नए प्रावधानों के अनुसार इसके टेस्ट सिक्योरिटी और लाइव ऑपरेशन्स अनुभाग के प्रस्तावित जनरल मैनेजर परीक्षा प्रक्रिया के लगभग हर संवेदनशील हिस्से की देखरेख करेंगे, जिसके अंतर्गत प्रश्नपत्र तैयार करने, एन्क्रिप्शन से लेकर ट्रांसपोर्टेशन, स्टोरेज, वितरण और रियल-टाइम मॉनिटरिंग भी शामिल रहेगा। विश्वास किया जाना चाहिए कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन, सीसीटीवी निगरानी और परीक्षा के उपरांत डेटा एनालिसिस से परीक्षा व्यवस्था के पारदर्शी व विश्वसनीय होने की उम्मीद की जा सकती है। निस्संदेह, नीट प्रवेश परीक्षा विवाद के उपरांत प्रतिभागियों में भरोसा कायम करने की दिशा में यह एक गंभीर कोशिश होती नजर आती है। लेकिन एक बात तो तय है कि सिर्फ तकनीक के जरिए सिस्टम की खामियां दूर नहीं की जा सकतीं। हालिया नीट-यूजी पेपर लीक प्रकरण में सीबीआई की जांच में एनटीए के अपने ही गोपनीय विभाग में खामियां पाई गई थीं, मसलन संतोषजनक ढंग से तलाशी न लेना, सीसीटीवी की अपर्याप्त निगरानी, जिम्मेदारियों का सही बंटवारा न होना तथा अंतिम प्रश्न सेट तक बहुत अधिक लोगों की पहुंच होना, जिसने परीक्षा प्रश्नपत्र के लीक संकट को जन्म दिया। दरअसल, सीबीआई जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि परीक्षा प्रश्नपत्र तैयार करने वाले विशेषज्ञ एक-दूसरे के संपर्क में थे, जिससे परीक्षा की गोपनीयता की सुरक्षा का एक बुनियादी नियम भंग हो गया। वास्तव में, नियमानुसार किसी भी एक व्यक्ति की पहुंच पेपर के सभी फाइनल सेट तक नहीं होनी चाहिए। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि इस कथित गड़बड़ी के लिए किसी हाई-लेवल हैकिंग की जरूरत नहीं पड़ने दी गई।

# कांवड़ श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर किया भव्य स्वागत

## जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने शिवभक्तों का अभिनंदन कर लिया आशीर्वाद

» संवाददाता




गाजियाबाद। सावन मास में भगवान शिव के प्रति श्रद्धा, आस्था, समर्पण एवं सेवा की भावना को अभिव्यक्त करते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा कांवड़ यात्रा पर आने वाले शिवभक्तों के स्वागत एवं अभिनंदन के लिए सोमवार को दोपहर एक से साढ़े तीन बजे तक मेरठ रोड, मननधाम के सामने भव्य पुष्पवर्षा एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेरठ रोड से गुजर रहे हजारों कांवड़ श्रद्धालुओं पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पूरा कार्यक्रम धार्मिक आस्था, उत्साह एवं सेवा भावना से ओत-प्रोत रहा। जैसे-जैसे कांवड़िए कार्यक्रम स्थल से गुजरते रहे, पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव', 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंजता रहा।

इस अवसर पर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा, पुलिस आयुक्त जे रविंद्र गौड़, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल, मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, रीजनल पासपोर्ट ऑफिसर अनुज स्वरूप, डीसीपी सिटी- ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल, अपर नगर आयुक्त, एसीपी सिद्धार्थ गौतम, एसडीएम सदर अजीत कुमार सिंह सहित जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव विवेक कुमार मिश्रा, विशेष कार्याधिकारी राजीव रतन सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता आलोक रंजन सहित समस्त अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम स्थल से गुजरने वाले कांवड़ श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा के माध्यम से आत्मीय स्वागत किया गया। कांवड़ यात्रा में परिवार के साथ यात्रा कर रहे छोटे बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा शिवभक्त, डाक कांवड़ के श्रद्धालु तथा विभिन्न आकर्षक झांकियों के साथ चल रहे कांवड़िए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भगवान शिव की सुंदर प्रतिमाओं एवं विभिन्न प्रकार की मनोहारी झांकियों के साथ गुजरते कांवड़ियों ने पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं द्वारा भी उत्साहपूर्वक 'बम-बम भोले' एवं 'हर-हर महादेव' के जयघोष किए गए, जिससे कार्यक्रम स्थल का वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल पर फलों, शीतल पेयजल एवं अन्य पेय पदार्थों की व्यवस्था भी की गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वयं श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए उन्हें फल एवं पेयजल उपलब्ध कराया तथा उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

# नए यूपी में आस्था के सम्मान और सुशासन का संगम



» संवाददाता

बागपत। हर-हर महादेव... बम-बम भोले... भोलेनाथ के जयघोष और कांवड़ियों के कदमों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक धरती शिवमय है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर निकले शिवभक्त जैसे ही बागपत की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं, उन्हें हर कदम पर सेवा, सुविधा और अपनत्व का अहसास हो रहा है। किसी के कंधे पर सजी कांवड़ है, किसी की जुबान पर भोलेनाथ का नाम और किसी के मन में पुरा महादेव में जलाभिषेक की अभिलाषा। इसी आस्था की धारा के बीच प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि महादेव के दरबार तक पहुंचने वाले हर भक्त की यात्रा सुगम हो, हर जरूरत पर सहायता मिले और बागपत से लौटते समय उसके मन में यहां की सेवा और व्यवस्था की भी सुखद स्मृति रहे।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख शिवधाम श्री परशुरामेश्वर पुरा महादेव में श्रावणी कांवड़ मेला इस बार ज़ीरो वेस्ट महोत्सव की थीम पर आस्था के साथ सेवा और जिम्मेदारी की नई तस्वीर भी पेश कर रहा है। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड समेत विभिन्न राज्यों से पहुंच रहे कांवड़िये गंगाजल लेकर बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए आगे बढ़ रहे हैं। कहीं 'हर-हर महादेव' का जयघोष है, कहीं शिवभक्तों की सेवा में जुटे हाथ हैं और कहीं स्वच्छता का संदेश—पुरा महादेव में इस बार भक्ति का हर रंग जिम्मेदारी से जुड़ता दिखाई दे रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में धार्मिक आयोजनों को भव्यता के साथ सुरक्षित, स्वच्छ, सुव्यवस्थित और श्रद्धालु-केंद्रित बनाने की जो नई कार्यसंस्कृति विकसित हुई है, पुरा महादेव में उसका प्रभाव साफ दिखाई दे रहा है। आस्था का सम्मान, श्रद्धालु की सुविधा, सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण और आधुनिक तकनीक—इन सभी को एक साथ लेकर मेला आगे बढ़ रहा है।

# देश की सुरक्षा और जवानों की सलामती को उठाई कांवड़

» संवाददाता

बागपत। एंटीटेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष मनिन्दर सिंह बिट्टा ने पुरामहादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। उन्होंने कहा कि कांवड़ उठाने का उनका मकसद सिर्फ भोलेनाथ की भक्ति नहीं, बल्कि देश की सीमाओं की सुरक्षा और जवानों की सलामती की प्रार्थना करना भी है। पुरा महादेव पहुंचे मनिन्दरजीत सिंह बिट्टा ने बताया कि वह देश की सीमाओं की सुरक्षा, भारत मां और जवानों की सलामती की प्रार्थना कर रहे हैं। उनका कहना है कि भारत आतंकवाद से पूरी तरह मुक्त हो और दुनिया में देश का नाम और ऊंचा हो। कांवड़ियों को नशेड़ी और आतंकवादी बताए जाने वाले बयान को उन्होंने ऐसे बयानों को माहौल खराब करने वाला बताया। बिट्टा के मुताबिक पहले कांवड़ यात्रा के दौरान पाबंदियां देखने को मिलती थीं, लेकिन आज आम लोग कांवड़ियों का सम्मान करते हैं, उन्हें रास्ता देते हैं और उनकी सेवा करते हैं। पंजाब में नशे की समस्या पर उन्होंने राजनीतिक दलों को एकजुट होने की नसीहत दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति, रक्षा नीति, आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई, सड़क निर्माण और राम जन्मभूमि सहित धार्मिक स्थलों के विकास की सराहना की।

## विनोद दीक्षित की गेंदबाजी से डार्क हॉर्सेस विजेता

» संवाददाता

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन स्थित रेड एपल क्रिकेट मैदान पर खेले जा रहे रेड एपल कैश प्राइज टी 20 कप में डॉर्क हॉर्सेस टीम ने जीत हासिल की। टीम अल्फा को तीन विकेट से हार मिली। टीम अल्फा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाए। अश्वनी शर्मा ने सबसे अधिक 35 रन का योगदान दिया। विरोधी टीम से विनोद दीक्षित ने चार विकेट लिए। डार्क हॉर्सेस ने 18.5 ओवर में सात विकेट खोकर 159 रन बना लिए। सुक्खी ने 46, हरीश नेगी ने 34 और अभिषेक त्यागी ने 22 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार विनोद दीक्षित को दिया गया।

## श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक किया

» संवाददाता

गाजियाबाद। वैशाली सेक्टर-3 स्थित आदर्श पार्क में सोमवार को बाल सेवा ट्रस्ट आदर्श जन सेवा समिति की ओर से चल रहे शिव महिमा 1008 रुद्राभिषेक में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक किया। सुबह से ही आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। भक्तों ने मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव को जल, दूध और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि रुद्राभिषेक में श्रद्धालुओं ने परिवार और समाज की सुख-शांति के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की।

## शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया

» संवाददाता

गाजियाबाद। सावन के दूसरे सोमवार पर ट्रांस हिंडन क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। ब्रह्म मुहूर्त से ही मंदिरों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और बेलपत्र, दूध, गंगाजल, धतूरा और पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की।

# दोपहिया वाहन चुराने वाला गिरफ्तार

» संवाददाता

गाजियाबाद। नगर कोतवाली पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की चार बाइक बरामद की हैं। आरोपी चोरी की एक बाइक पर कार की फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहा था। पूछताछ में आरोपी ने नगर कोतवाली, नंदग्राम और दिल्ली के शाहदरा क्षेत्र से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। इनमें से दो बाइक के पहिये और अन्य पुर्जे वह कबाड़ियों को बेच चुका था।

एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि कांवड़ यात्रा के मद्देनजर नगर कोतवाली पुलिस रविवार देर रात रमतेराम रोड पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। पुलिस को देख उसने कुछ दूर पहले बाइक रोककर वापस मुड़ने का प्रयास किया। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान नंदग्राम थानाक्षेत्र के आश्रम रोड त्यागी मार्केट निवासी 37 वर्षीय गौरव त्यागी के रूप में हुई। उसके पास मौजूद बाइक पर आगे-पीछे नंबर प्लेट नहीं थी। जांच में पता चला कि बाइक के चोरी होने के संबंध में 21 जून को दिल्ली के शाहदरा थाने में मुकदमा दर्ज है। आरोपी बाइक के कागजात भी नहीं दिखा सका। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अन्य बाइक चोरी करने की बात भी कबूल कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने पंजाब लाइन के पीछे झाड़ियों से तीन चोरी की बाइक बरामद कीं। एक बाइक आरोपी ने करीब एक महीने पहले घंटाघर की अनाज मंडी से चोरी की थी, जबकि दूसरी बाइक करीब 25 दिन पहले एमएमजी अस्पताल से चोरी की गई थी। तीसरी बाइक के संबंध में नंदग्राम थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज है। आरोपी ने करीब 35 दिन पहले इसे नंदग्राम क्षेत्र से चोरी करने की बात बताई। एसीपी का कहना है कि आरोपी के आपराधिक इतिहास, चोरी किए गए अन्य वाहनों और उन कबाड़ियों की जानकारी जुटा रही है, जिन्हें पुर्जे बेचे गए।

# कांवड़ियें की सेवा में उमड़ा जनसैलाब



» संवाददाता

गाजियाबाद। सावन की कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों की सेवा के लिए वैशाली सेक्टर-2 और 5 की पुलिया पर पार्षद राधेश्याम त्यागी की ओर से कांवड़ सेवा कैंप लगाया गया है। कैंप में बड़ी संख्या में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवडिए पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। क्षेत्र के निवासी भी तन-मन-धन से शिवभक्तों की सेवा में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में रविवार को पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने शिविर में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कांवडियों की सेवा में सहभागिता की। पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था, श्रद्धा और समर्पण का पर्व है। दूर-दराज से पैदल चलकर गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्तों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने शिविर में मौजूद कांवडियों से बातचीत कर उनकी यात्रा और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सेवा कार्य में जुटे क्षेत्रवासियों की भी सराहना की।

उन्होंने कहा कि वैशाली क्षेत्र में कांवडियों के स्वागत और सेवा की परंपरा को स्थानीय लोग पूरी श्रद्धा के साथ निभा रहे हैं। शिवभक्तों के लिए भोजन, विश्राम, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने में क्षेत्र के लोग लगातार सहयोग कर रहे हैं।

# द्वितीय सोमवार पर औघड़नाथ में उमड़ा आस्था का सैलाब, शिवरात्रि के लिए सुरक्षा और कड़ी

» संवाददाता




मेरठ। सावन के द्वितीय सोमवार पर ऐतिहासिक बाबा औघड़नाथ मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही बड़ी संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंचे। वहीं, मंगलवार को शिवरात्रि पर्व पर कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। द्वितीय सोमवार पर श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच प्रशासन की नजर अब मंगलवार को होने वाले शिवरात्रि पर्व की तैयारियों पर है। इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने सोमवार को बाबा औघड़नाथ मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम और एसएसपी ने मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही के रास्तों, प्रवेश और निकास मार्ग, कतार व्यवस्था तथा भीड़ के दबाव वाले स्थानों का निरीक्षण किया। आसपास की यातायात व्यवस्था को भी मौके पर परखा गया।

अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया जाए और किसी को परेशानी न हो। पेयजल, चिकित्सा सहायता सहित अन्य जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता भी देखी गई।

पुलिसकर्मियों से श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार करने और भीड़ को अनावश्यक रूप से रोकने के बजाय सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने को कहा गया। किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल कार्रवाई और वरिष्ठ अधिकारियों को समय से सूचना देने के निर्देश भी दिए गए।

मंदिर परिसर के निरीक्षण के बाद डीएम और एसएसपी कांवड़ कंट्रोल रूम पहुंचे। यहां सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से औघड़नाथ मंदिर परिसर, प्रमुख कांवड़ मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर की जा रही निगरानी की समीक्षा की गई।

अधिकारियों ने कैमरों की सक्रियता जांचने के साथ कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों से निगरानी व्यवस्था की जानकारी ली। शिवरात्रि पर भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भीड़ बढ़ने की स्थिति में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और एसएसपी ने बाबा औघड़नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना।

## प्राचीन बूढ़ा शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

» संवाददाता

मेरठ। सावन के पावन दूसरे सोमवार को कस्बे के प्राचीन श्री बूढ़ा शिव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई, जो देर शाम तक लगातार बनी रही। भक्तों ने विधि-विधान से भगवान आशुतोष का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। सोमवार को मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को गंगाजल, दूध, बेलपत्र, पुष्प एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। मंदिर से जुड़े ज्ञानेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि सावन के दूसरे सोमवार को सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं ने पूरे दिन कतारबद्ध होकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

## ऋषभ क्रिकेट एकेडमी ने जीटीबी क्रिकेट एकेडमी को हराया



» संवाददाता

मेरठ। गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को ऋषभ क्रिकेट एकेडमी और जीटीबी क्रिकेट एकेडमी की टीम के बीच मैच खेला गया। इसमें ऋषभ क्रिकेट एकेडमी ने शानदार जीत प्राप्त की।

ऋषभ क्रिकेट एकेडमी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32.5 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 242 रन बनाए। इसमें रोनित ने 47, दिव्य ने 40, दिव्यांशु ने 39, हिमांशु ने 40 रन बनाए। गेंदबाजी में गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी की ओर से अविरल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लिए। आईश और अर्जुन ने भी दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीटीबी की टीम 34.5 ओवर में 217 रन पर आल आउट हो गई। ऋषभ की टीम ने 25 रन से जीत प्राप्त की। जीटीबी की ओर से आदित्य ने 49, प्रिंस ने 44, पार्थ ने 39 रन बनाए। गेंदबाजी में आहद ने तीन, अभय ने दो, अरहान ने तीन विकेट लिए। मैच के बाद मुख्य अतिथि नीरज व हिमांशु ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। क्रिकेट कोच अतहर अली ने बताया कि मंगलवार को शिवरात्रि के मौके पर एकेडमी में अवकाश रहेगा।

## कार की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटी की मौत

» संवाददाता

मेरठ। मेरठ-हापुड़ हाईवे पर धनोटा फार्म हाउस के सामने तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक और चार वर्षीय मौसेरे भाई के पैर कट कर अलग हो गए। मृतका महिला चार माह की गर्भवती भी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए घायलों को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, कार चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है। गाजियाबाद के लोनी निवासी लक्की पुत्र प्रमोद सोमवार सुबह अपनी बीमार मामी को देखने के लिए नानी सरस्वती (60 वर्ष) पत्नी देवी सिंह निवासी शीपुरा परतापुर मेरठ और मौसी कोमल (35 वर्ष) पत्नी सचिन निवासी भोजपुर गाजियाबाद, उसके बेटे चार वर्षीय मानु के साथ मेडिकल अस्पताल जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार मेरठ-हापुड़ हाईवे पर धनोटा स्थित लोहिया फार्म हाउस के सामने पहुंचा, तो सामने से आ रही कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। कार के अगले हिस्से में फंसने से लक्की और मानू पैर कटकर अलग हो गए और गंभीर रूप से रूप से घायल हो गए। वहीं, गंभीर रूप से घायल दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर जाम लग गया।

## वैस्कुलर रोग जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। स्वस्थ पैर-स्वस्थ जीवन के संदेश के साथ वैस्कुलर (रक्त वाहिका) रोगों के प्रति जनजागरूकता फैलाने और सशस्त्र बलों में स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बढ़ाने के लिए मिलिट्री हॉस्पिटल मेरठ में एक विशाल वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में अस्पताल के 500 से अधिक डॉक्टरों, नर्सिंग अधिकारियों और पैरामेडिकल स्टाफ ने अत्यधिक उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वॉकथॉन के दौरान 'समय पर पहचान, सही उपचार', 'पैरों की सेहत, जीवन की सेहत' और 'स्वस्थ पैर- स्वस्थ जीवन– मिशन रेडी फोर्स के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं सफल नेतृत्व सशस्त्र बलों के वरिष्ठ वैस्कुलर सर्जनों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मिलिट्री हॉस्पिटल के कमांडेंट ब्रिगेडियर सीपी सिंह ने कहा कि आज के समय में डायबिटीज, धूम्रपान, उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) और अनियमित जीवनशैली के कारण वैस्कुलर (नसों से जुड़े) रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। यदि इन रोगों की पहचान समय पर न हो, तो पैरों में गंभीर घाव, गैंग्रीन (ऊतकों का मरना) और यहां तक कि प्रभावित अंग को काटना (अंग-विच्छेदन) तक पड़ सकता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाएं हमारे सैनिकों और आम नागरिकों को स्वस्थ रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि एक फिट सैनिक ही एक मिशन-रेडी फोर्स का निर्माण करता है।

## कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। ग्रास मंडी संगठन मेरठ कैंट की ओर से आयोजित प्रथम कांवड़ सेवा शिविर का संयुक्त व्यापार संघ उपाध्यक्ष व पूर्व महामंत्री भाजयुमो नीरज मित्तल ने रिबन काटकर व नारियल फोड़कर किया। इस शिविर के आयोजक राजकुमार सौदे ने कांवड़ सेवा शिविर में भोलो के लिए भोजन, विश्राम की बहुत ही अच्छी व स्वछता की सम्पूर्ण व्यवस्था की है। इस दौरान पं.संजय त्रिपाठी, ठाकुर जतिन सिंह ,हरिमोहन,भाटिया ,मनमोहन हरदोई, दीपक तोमर, राहुल ( चम्पू ), शुभम त्रिपाठी, भरत मित्तल,रक्षित जिंदल,अमित खीरवाल,अर्जुन, अजय कनौजिया, विकास लाखवान, राजू रोंदिया आदि मौजूद रहे।

## शोषित क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने सीओ कार्यालय घेरा

» संवाददाता

मेरठ। दलित समाज के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में सोमवार को शोषित क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने बिजली बंबा बाईपास स्थित सीओ ब्रह्मपुरी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई करने और टीपीनगर थाना प्रभारी को हटाने की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। सोमवार दोपहर शोषित क्रांति दल के सैकड़ों कार्यकर्ता सीओ ब्रह्मपुरी कार्यालय पहुंचे और धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि छह अगस्त को मोहकमपुर निवासी चीकू, पवन और उनके अन्य साथियों ने सोशल मीडिया पर दलित समाज के खिलाफ अमर्यादित और अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में दलित समाज के लोगों ने ट्रांसपोर्ट नगर थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोपियों से मिलीभगत कर मुकदमे में एससी-एसटी एक्ट की धाराएं नहीं लगाईं। उनका यह भी आरोप था कि पुलिस आरोपियों की मदद कर रही है। इसी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने सीओ कार्यालय पर धरना देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। धरने और हंगामे की सूचना पर सीओ ब्रह्मपुरी रामप्रकाश मौके पर पहुंचे।

## एमडी ने ओएमएस कंट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण

» संवाददाता



मेरठ। कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डिस्कॉम) ने विद्युत सुरक्षा और आपूर्ति व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) ने सोमवार को पालव ऊर्जा भवन स्थित ओएमएस (आउटेज मैनेजमेंट सिस्टम) कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रमुख मंदिर स्थलों की विद्युत आपूर्ति, कांवड़ मार्गों की सुरक्षा और कंट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की। एमडी ने एमडीएम (मास्टर डेटा मैनेजमेंट) पोर्टल के माध्यम से प्रमुख मंदिर स्थलों की विद्युत व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने मंदिरवार और फीडरवार विद्युत आपूर्ति की स्थिति के साथ आउटेज की भी समीक्षा की। प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा और जलाभिषेक के दौरान प्रमुख मंदिर स्थलों को बिजली आपूर्ति करने वाले फीडरों पर विशेष निगरानी रखी जाए। किसी भी कारण से ब्रेकडाउन होने पर बिना किसी देरी के विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए। उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारियों को लगातार निगरानी रखने और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एमडी ने सभी जनपदों में स्थापित कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली विद्युत संबंधी शिकायतों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र और प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में दर्ज प्रत्येक शिकायत पर संबंधित अधिकारी तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करें।

विद्युत सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रबंध निदेशक ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। विद्युत कर्मी कांवड़ मार्गों और प्रमुख स्थानों पर बिजली की लाइनों, पोलों और अन्य विद्युत व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। इसका उद्देश्य यात्रा मार्ग पर किसी भी विद्युत जोखिम को पहले ही चिन्हित कर दूर करना है, ताकि कांवड़ियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके।

## चिकित्सा शिविर में कांवड़ियों को दिया उपचार

» संवाददाता

मेरठ। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इंद्रप्रस्थ हॉस्पिटल की ओर से कांवड़ियों के लिए निशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. मयंक वर्मा के अनुसार शिविर में डॉक्टर्स की पूरी टीम और मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। कांवड़ियों के पैर के छालों की ड्रेसिंग, थकान, बुखार आदि का उपचार किया गया। कुछ कांवड़ियों को डीहाईड्रेशन भी रहा, जिनको ग्लूकोज, एनर्जी पेय पदार्थ दिए गए। प्राथमिक उपचार की सुविधा के साथ-साथ गंभीर बीमारियों के लिए एम्बुलेंस व निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सत्यम, सचिन जिंदल, रियांश, राजपाल लोधी, यश मुस्कान मौजूद रहे।



## अपराध से हरियाणा की छवि देशभर में धूमिल: अभय चौटाला

» एजेंसी। सिरसा

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि भाजपा शासन में निरंतर अपराध, नशे की बढ़ोतरी हुई है, जिससे हरियाणा की छवि पूरे देश में धूमिल हुई है। प्रदेश में अराजकता का माहौल है। अभय चौटाला सोमवार को सिरसा में कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इनेलो नेता ने कहा कि 27 सितंबर को नूंह में होने वाली चौ. देवीलाल जयंती कार्यक्रम में इनेलो प्रदेशभर से नशे को समाप्त करने के लिए बड़ा ऐलान करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा आज केंद्र व प्रदेश का खजाना पूरी तरह से लूट रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं का जंतर मंतर पर धरने प्रदर्शन ने हकों की लड़ाई के लिए एक नई दिशा दी है। अभय चौटाला ने कहा कि भाजपा ने किसानों से उनकी आय दोगुनी करने व स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने का भरोसा दिया था, मगर सत्तासीन होने के बाद से भाजपा इसे भूल गई है।

## भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित

» एजेंसी। गुरुग्राम

भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस की ओर से अनाजमंडी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों व भारत छोड़ो आंदोलन में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर वर्धन यादव ने कहा कि 9 अगस्त 1942 का दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में निर्णायक मोड़ था। महात्मा गांधी ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ करो या मरो का आह्वान किया और देशवासियों ने एकजुट होकर ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी थी।

## शिविर का 150 लोगों ने उठाया लाभ

» एजेंसी। गुरुग्राम

पंजाबी बिरादरी महासभा और कल्याणी अस्पताल की ओर से पूर्व प्रधान घनश्याम दास कुमार की पुण्य स्मृति में रविवार को श्री कृष्ण मंदिर चार-आठ मरला में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।शिविर के संयोजक राजीव कुमार ने बताया कि इसमें लगभग 150 लोगों ने स्वास्थ्य जांच व चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ नेता तिलक राज मल्होत्रा ने किया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

# हकृवि में युवाओं ने सीखी कम लागत में ज्यादा मुनाफे की आधुनिक तकनीकें

» एजेंसी। हिसार

खेती में बढ़ती लागत, घटते जल संसाधन और सीमित भूमि के बीच संरक्षित खेती किसानों और युवाओं के लिए आमदनी बढ़ाने और स्वरोजगार का नया रास्ता बन रही है। सोमवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय संरक्षित खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों से पहुंचे किसानों, युवाओं और उद्यमियों ने आधुनिक कृषि तकनीकों को सीखा और इनके व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी हासिल की।

सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से सोमवार को आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को संरक्षित खेती की आधुनिक तकनीकों से रूबरू कराना और उन्हें कृषि को व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने




बताया कि पॉलीहाउस और अन्य संरक्षित तकनीकों के माध्यम से मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद वर्षभर सब्जियों, फूलों और उच्च मूल्य वाली फसलों का उत्पादन किया जा सकता है। संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने कहा कि सीमित भूमि और जल संसाधनों को देखते हुए संरक्षित खेती आने वाले समय की टिकाऊ, आधुनिक और लाभकारी कृषि प्रणाली साबित हो सकती है। प्रशिक्षण के मुख्य संयोजक डॉ. विकाश हुड्डा ने कहा कि संरक्षित खेती युवाओं के लिए कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार और उद्यमिता के नए अवसर पैदा कर सकती है।

विशेषज्ञों ने सिखाए खेती के आधुनिक गुर प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं दी, बल्कि संरक्षित खेती से जुड़ी विभिन्न तकनीकों की बारीकियों से भी अवगत कराया। डॉ. राम नरेश ने ड्रिप सिंचाई और फर्टिगेशन, डॉ. सुमित देसवाल ने मिट्टी रहित माध्यम में सब्जी उत्पादन तथा डॉ. इंदु अरोड़ा ने ग्राफ्टिंग तकनीक की जानकारी दी। डॉ. धर्मबीर दुहन और डॉ. हंस राज ने पॉलीहाउस में टमाटर, खीरा और रंगीन शिमला मिर्च की खेती की आधुनिक तकनीकों के बारे में बताया। डॉ. अरविंद मलिक ने उच्च मूल्य वाले फूलों की व्यावसायिक खेती और इससे जुड़ी संभावनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. भूपेंद्र सिंह ने एकीकृत कीट एवं रोग प्रबंधन, डॉ. सरदूल मान ने पॉलीहाउस स्थापित करने से पहले मिट्टी में सूत्रकृमि की जांच और डॉ. सतीश मेहता ने मिर्च एवं टमाटर में होने वाले लीफ कर्ल रोग की रोकथाम और प्रबंधन की जानकारी दी। समापन अवसर पर डॉ. संदीप भाकर सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

# धांसू को सरकार में भागीदारी देकर गांव का मान सम्मान बढ़ाया : अजयकांत जांगड़ा

» एजेंसी। हिसार

निकटवर्ती गांव धांसू के हनुमान मंदिर वाली धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में ग्रामीणों ने गांव धांसू निवासी रोहताश जांगड़ा को श्रम कल्याण बोर्ड का चेयरमैन व अजयकांत जांगड़ा को सीएम विंडो एमिनेन्ट पर्सन बनाए जाने पर भाजपा सरकार का आभार व्यक्त करते हुए रोहताश जांगड़ा व अजयकांत जांगड़ा को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में बोलते हुए अजयकांत जांगड़ा ने सोमवार को कहा कि भाजपा ने गांव धांसू को सरकार में भागीदारी देकर गांव का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव, जातिवाद और क्षेत्रवाद के सभी का विकास करने में विश्वास रखती है। अजयकांत जांगड़ा ने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने गांव धांसू को सरकार में भागीदारी देने पर मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी, केबिनेट



मंत्री रणबीर गंगवा व भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। अजयकांत जांगड़ा ने गांव में ट्रीटमेंट प्लांट शुरू करवाने, बिजली घर शुरू करवाने, ढाणियों में बिजली पहुंचाने और खेतों के कच्चे रास्तों को पक्का करवाने पर केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा का आभार व्यक्त किया। चेयरमैन रोहताश जांगड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के लिये कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। जन हितेषी नीतियों से हर वर्ग सरकार से खुश है। उन्होंने धांसू गांव को इतना सम्मान देने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश मालिया, सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत वर्मा, पूर्व सरपंच श्रीराम, गुलाब सिंह जांगड़ा, गौशाला प्रधान वेद बैनीवाल, देवेन्द्र बैनीवाल, हैप्पी जोनी, सुलतान सिंह सैनी, रामकुमार सैनी, डॉ. भगतराम, सुरेन्द्र जांगू, हवासिंह गोदारा, विक्रम राठौड़, गुलजारी लाल समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## द्रोणा पब्लिक स्कूल ने महेश अकादमी को 19 रन से हराया

» एजेंसी। गुरुग्राम

महेश क्रिकेट अकादमी के मैदान पर रविवार को द्रोणा पब्लिक स्कूल और महेश क्रिकेट अकादमी के बीच 35 ओवर का मुकाबला खेला गया। द्रोणा पब्लिक स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महेश अकादमी को 19 रन से हराया। टॉस जीतकर महेश अकादमी ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। द्रोणा पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में सात विकेट खोकर 236 रन बनाए। शिव वर्मा ने 65 रन की शानदार पारी खेली। कबीर कपूर ने 49 और गगन ठाकुर ने 29 रन बनाए। महेश अकादमी की ओर से आदित्य कोहली, ऋषि राज और विराज ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महेश अकादमी की टीम 34.3 ओवर में 217 रन पर सिमट गई। कबीर कपूर ने 69, तेजश दीक्षित ने 48 और मोहित ने 39 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। द्रोणा पब्लिक स्कूल के कप्तान आरव साहनी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल किए। उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के रूप में सराहा गया।

# ई-20 पेट्रोल के नाम पर जनता की जेब पर डिजिटल तानाशाही : डॉ. सुशील गुप्ता

» एजेंसी। फरीदाबाद

आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने केंद्र सरकार की ई-20 पेट्रोल नीति को जनता पर जबरन थोपा गया 'आर्थिक और तकनीकी अत्याचार' करार दिया। फरीदाबाद की धरती से 'गाड़ी बचाओ-मोदी हटाओ' की हुंकार भरते हुए डॉ. गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ग्रीन ट्रांज़िशन के नाम पर आम जनता की मेहनत की कमाई लूटना और विदेशी ताकतों को फायदा पहुंचाना बंद करे। डा. गुप्ता रविवार को सेक्टर-16 स्थित जाट भवन में आयोजित राज्य स्तरीय टाउनहॉल को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने इथेनॉल के इस्तेमाल से खराब हुई गाडियों के पीडितों से बातचीत की और उनकी समस्याएं जानी वहीं उन्हें भविष्य के लिए सुरक्षित दिशा निर्देश भी दिए। डा. गुप्ता को सुनने के लिए जाट भवन में हजारों लोग उपस्थित हुए वहीं वर्चुअल रुप से भी हजारों लोगों ने उनकी बातें ध्यानपूर्वक सुनीं।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री डा. राजेंद्र शर्मा सहित अन्य नेताओं ने डा. सुशील गुप्ता का फरीदाबाद आगमन पर जोरदार स्वागत किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डा. गुप्ता ने कहा कि एक अगस्त को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हुए नेशनल टाउनहॉल में 7 लाख से ज़्यादा लोगों ने ऑनलाइन और हज़ारों लोगों ने फिजिकली जुडकर ई-20 के खिलाफ़ आवाज़ उठाई। यह आँकड़ा साधारण नहीं, बल्कि बर्बाद हो रही गाडियों और ई-20 से परेशान जनता का सीधा आक्रोश है।

उन्होंने कहा कि पुरानी गाडियों के लिए बिना किसी सपोर्ट के ई-20 लागू कर दिया गया है। लोगों की गाडियों के इंजन और फ्यूल पंप सड़ रहे हैं, माइलेज गिर रही है, लेकिन सरकार असली पेट्रोल का पूरा दाम वसूल रही है।

## क्राफ्ट अकादमी ने एनएसके को चार विकेट से हराया

» एजेंसी। गुरुग्राम

द शिक्षियान स्कूल के क्रिकेट मैदान पर रविवार को क्राफ्ट क्रिकेट अकादमी और एनएसके क्रिकेट अकादमी के बीच 40 ओवर का मुकाबला खेला गया। क्राफ्ट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एनएसके अकादमी को चार विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर क्राफ्ट अकादमी ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एनएसके अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट खोकर 241 रन बनाए। वंश ने 55, चिराग यादव ने 49 और भावेश ने 40 रन बनाए। क्राफ्ट की ओर से विहान, अंश और रोहन ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि मन्नू को एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्राफ्ट अकादमी ने 38 ओवर में छह विकेट खोकर 242 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। टीम की जीत में चेतन ने 116 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। मयंक बिष्ट ने 65 और कमल ने 45 रन बनाए। एनएसके की ओर से सोनू यादव ने तीन और यश ने एक विकेट लिया।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी के सिंडिकेट का पर्दाफाश

» एजेंसी। फरीदाबाद

विदेश भेजने और वर्क वीजा दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले साइबर सिंडिकेट का फरीदाबाद पुलिस की साइबर थाना सेंट्रल टीम ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने हिमाचल प्रदेश के ऊना से गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी इंस्टाग्राम पर विदेश में नौकरी और वर्क वीजा दिलाने के नाम पर रील डालकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनमें दो मोबाइल नंबर आर्मेनिया के बताए जा रहे हैं। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि चारों आरोपियों को अदालत में पेश कर 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में गिरोह से जुड़ी अन्य वारदातों और सदस्यों की जानकारी जुटाई जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ऊना निवासी जगमोहन सिंह उर्फ जग्गी, हर्ष कुमार उर्फ हर्षू, गगन सैनी और पंजाब के शहीद भगत सिंह नगर निवासी हिमालय उर्फ हैरी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में जगमोहन सिंह को गिरोह का मास्टरमाइंड बताया गया है, जबकि हर्ष कुमार उसका पार्टनर है। दोनों ने ऊना के पालिका बाजार में विदेश भेजने के नाम पर कार्यालय खोल रखा था।

आरोपियों ने जॉर्जिया में वर्क वीजा पर भेजने के नाम से इंस्टाग्राम पर रील डाली थी। फरीदाबाद की न्यू बसेल्वा कॉलोनी निवासी राहुल ने रील देखकर आरोपियों से संपर्क किया। आरोपियों ने उसे जॉर्जिया में नौकरी और वर्क वीजा दिलाने का झांसा देकर 50 हजार रुपए गगन सैनी के बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844